भारत, जापान, यू.एस. संयुक्त वायु अभ्यास

drishtiias.com/hindi/printpdf/india-japan-us-plan-joint-air-exercise

चर्चा में क्यों?

भारत, जापान और अमेरिका द्विपक्षीय 'कोप इंडिया' वायु अभ्यास को एक त्रिपक्षीय प्रारूप में आगे बढ़ाने के लिये तैयार हैं। विस्तारित मालाबार नौसेना अभ्यास के तहत ये तीनों देश पहले से ही नेवल वार गेम्स आयोजित करते रहे हैं।

प्रमुख बिंदु

- यू.एस. ने भारत, जापान और अमेरिका के बीच एक त्रिपक्षीय वायु अभ्यास के आयोजन का प्रस्ताव दिया था जिसे कोप इंडिया अभ्यास चरणों में त्रिपक्षीय स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा।
- आरंभ में यह त्रिपक्षीय प्रारूप में ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट से जुड़ा एक छोटे स्तर का अभ्यास होगा और बाद के संस्करणों में इसे बढ़ाया जाएगा।

जापान भेजेगा अपने पर्यवेक्षक

- अगस्त में रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण और उनके जापानी समकक्ष इत्सुनोरी ओनोदेरा के बीच वार्षिक रक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक में इस बात पर सहमति व्यक्त की गई कि जापान भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित भारत और अमेरिका के बीच कोप इंडिया अभ्यास के अगले दौर के लिये पर्यवेक्षकों को भेजेगा।
- द्विपक्षीय और त्रिपक्षीय दोनों अभ्यासों में अंत:क्रियाशीलता का स्तर बढ़ाने के लिये भारत तथा यू.एस. के बीच संचार संगतता और सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किये जाने की उम्मीद है।

‘कोप इंडिया’ अभ्यास

- ‘कोप इंडिया’ भारतीय वायुसेना और अमेरिकी वायुसेना के बीच अंतर्राष्ट्रीय वायुसेना अभ्यास की एक श्रृंखला है।
- कई महीने की तैयारी के पश्चात् इस तरह का पहला अभ्यास 16 फरवरी से 27 फरवरी, 2004 के बीच ग्वालियर में वायुसेना स्टेशन पर आयोजित किया गया थाI
- इस अभ्यास में उड़ान परीक्षण, अभ्यास और प्रदर्शन के साथ-साथ विमानन से संबंधित विषयों पर व्याख्यान भी शामिल थे।